COVID-19 के दौरान टीकाकरण

अपने बच्चों और परिवार की सुरक्षा करना

COVID-19 के बढ़ते मामलों के चलते अपने बच्चे का नियमित टीकाकरण आसानी से और सुरक्षित ढंग से कराने के लिए मददगार जानकारी और सुझाव

रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने से ही परिवार की सुरक्षा की जा सकती है। COVID-19 के बढ़ते मामलों को देखते हुए यही प्राथमिकता भी है, उन लोगों को खास तौर पर सर्तक रहने की ज़रूरत है जिनके यहाँ नवजात शिक्षु हैं।

COVID-19 के बढ़ते खतरे के हर स्तर से अपने परिवार को सुरक्षित रखना

- रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाना ही काली खाँसी और चेचक जैसी गंभीर बीमारियों से सुरक्षा का सबसे अच्छा तरीका है।
- **गर्भावस्था के दौरान रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने का टीका लगवाने** से जन्म के समय आपकी और आपके नवजात शिक्षु की काली खाँसी और भारी नजले जैसी बीमारियों से सुरक्षा की जा सकती है।
- आपके बच्चे की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने का टीका लगवाने की सुविधा मुफ़्त में उपलब्ध है और उसके जन्म के **6 हफ़्ते**, **3 महीने**, **5 महीने**, **12 महीने**, **15 महीने**, **4 साल**, और उसके बाद भी नियमित तौर पर टीकाकरण ज़रूरी है।
- रोग प्रतिरोधक क्षमता की जाँच में देरी करने से आपके बच्चे को गंभीर बीमारियों का जोखिम हो सकता है, जैसे कि काली खाँसी, चेचक।

रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने का टीका लगवाने के लिए अपॉइंटमेंट लेना

अपने डॉक्टर या नर्स को अपॉइंटमेंट के समय से पहले ही कॉल करें, ताकि वे आपको बता सकें कि वे टीकाकरण के दौरान आपको और आपके बच्चे को सुरक्षित कैसे रखेंगे। सभी स्वास्थ्य सेवाओं के लिए कार्यविधियाँ तय की गई हैं, ताकि सुरक्षित तरीके से टीकाकरण किया जा सके। उदाहरण के लिए:

- टीकाकरण के लिए कोई खास दिन या समय तय किया जाता है
- अपॉइंटमेंट इस तरह से तय किए जाते हैं, जिससे मरीज़ों को कोई असुविधा न हो
- अपॉइंटमेंट रूम को अच्छी तरह साफ़ किया जाता है और मरीज़ों के स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखा जाता है
- टीकाकरण के लिए एक अलग जगह तय होती है।

आपको डॉक्टर या नर्स के पास भेजने से पहले आपके परिवार के सामान्य स्वास्थ्य के बारे में आपसे कुछ सवाल किए जाते हैं। अगर आपको लगता है कि आप या आपके परिवार का कोई सदस्य COVID-19 से संक्रमित हो सकता है, तो यह ज़रूरी है कि आप अपने डॉक्टर या नर्स को इसकी सूचना दें।

अगर आप, आपका बच्चा या परिवार का कोई सदस्य बीमार महसूस कर रहा है, तो कृपया अपने डॉक्टर या नर्स से संपर्क करें। वे आपको बता सकते हैं कि आपके बच्चे के लिए टीकाकरण का सबसे अच्छा समय क्या होना चाहिए।

टीकाकरण के बाद, आपसे कुछ समय इंतज़ार करने के लिए कहा जा सकता है। यह एक सुरक्षा उपाय है। इससे यह पक्का किया जाता है कि अगर आपके बच्चे को कोई एलर्जी होती है, तो उसका भी इलाज किया जा सके।

अपने परिवार की सुरक्षा करें – समय पर टीकाकरण कराएँ

COVID-19 के बढ़ते खतरे के स्तर को देखते हुए टीकाकरण का सुझाव दिया जाता है, ताकि आपका परिवार सुरक्षित रहे।

अपने डॉक्टर, नर्स या चिकित्सा सुविधा देने वाले व्यक्ति से बात करें और जानें कि वे COVID-19 के बढ़ते खतरे को ध्यान में रखते हुए सुरक्षित तरीके से टीकाकरण किस तरह कर रहे हैं।

ज़्यादा जानकारी के लिए:

इस नंबर पर कॉल करें:	**हेल्थलाइन 0800 466 863**
इस साइट पर जाएँ:	**health.govt.nz/immunisation**

immunise

their best protection

MINISTRY OF HEALTH
MANATŪ HAUORA
hpa te hiringa hauora HEALTH PROMOTION AGENCY
New Zealand Government
IMM0286 - Hindi